हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 जून 2026

04 नकली बीज-खाद का खेल : किसान ठगा जा रहा...



07 प्रतियोगिता से कुपोषण मुक्ति एवं स्वस्थ जीवन शैली...





**खबर संक्षेप**

## जिले में 31 हजार 556 आवेदनों का किया निराकरण

**सीहोर।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 21 जून तक प्रदेशभर में संचालित किए जा रहे जनकल्याण अभियान के तहत सीहोर जिले में भी नागरिकों को शासन की जनहितैषी योजनाओं से जोड़ने और उनके द्वारा दिए गए आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशन में जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हुए। 12 जून से 17 जून तक आयोजित जनकल्याण शिविरों में जिलेभर से 31 हजार 624 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 31 हजार 556 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। वहीं 68 आवेदन लंबित हैं, जिनका निराकरण भी शीघ्र किया जा रहा है। शिविरों में जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदनों पर कार्रवाई की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक सीहोर में 6267 आवेदनों में से 6257, इछावर में 4371 में से 4371, आष्टा में 4150 में से 4150, भैरूंदा में 3964 में से 3906 और बुधनी में 3830 में से 3830 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका सीहोर के 2799, आष्टा के 1533, नगर परिषद बुधनी के 999, इछावर के 771, रेहटी के 635, भैरूंदा के 627, कोठरी के 600, जावर के 577 और शाहगंज के 501 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनकल्याण शिविरों में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया। शिविरों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।

## प्लास्टिक केनों में डीजल उपलब्ध कराने के कलेक्टर ने दिए आदेश

**सीहोर।** खाद्य विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में किसानों को कृषि कार्यों के लिए डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आदेशित किया गया है कि वे किसानों की सुविधा एवं कृषि कार्यों के लिए निर्धारित पहचान एवं आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर प्लास्टिक कैन में भी अधिकतम 50 लीटर डीजल उपलब्ध कराएं। वर्तमान में किसानों द्वारा खरीफ फसल की बुआई का कार्य प्रारंभ हो चुका है। बुआई एवं अन्य कृषि कार्यों में डीजल की आवश्यकता होती है। इसलिए डीजल विक्रय से संबंधित सभी शासकीय, सुरक्षा एवं वैधानिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए किसानों को डीजल उपलब्ध कराया जाए।

# प्रशासन ने तीन कॉलोनियों पर चलाया पंजा, पार्षद कार्रवाई के दौरान तहसीलदार से बोले पहले जेसीबी मेरे ऊपर चढ़ा दो

### प्रशासन पर लगाया भेदभाव का आरोप, बोलेः बड़े रसूखदारों के 50-50 एकड़ के फार्म हाउस छोडक़र सिर्फ छोटों को बनाया जा रहा निशाना

## प्रशासन ने शहर की तीन अवैध कालोनियों पर की कार्रवाई

**सीहोर।** शहर में अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने बुधवार को बुलडोजर चलाकर बड़ी कार्रवाई की। प्रशासनिक अमले ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के पास एक और गणेश मंदिर रोड पर दो यानी कुल तीन अवैध कॉलोनियों में बनी बाउंड्रीवॉल और सडक़ों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। लेकिन इस कार्रवाई के दौरान उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब स्थानीय पार्षद आजम नेता ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करते हुए कि सर, ये भेदभाव है।

बता दें कार्रवाई की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पार्षद आजम नेता ने प्रशासन की इस मुहिम को भेदभावपूर्ण बताया। उन्होंने मौके पर मौजूद



तहसीलदार अमित सिंह से कहा कि शहर में रसूखदारों द्वारा 50-50 एकड़ में अवैध फार्म हाउस और कॉलोनियां काटी जा रही हैं, लेकिन प्रशासन उन पर हाथ डालने से डर रहा है। पार्षद ने आरोप लगाया कि प्रशासन केवल चुनिंदा और छोटी-मोटी कॉलोनियों को टारगेट कर कार्रवाई कर रहा है।

**पहले मेरे ऊपर चढ़ा दो जेसीबी :** जब तहसीलदार अमित सिंह ने पार्षद की बात को अनसुना कर कार्रवाई जारी रखने को कहा तो पार्षद आजम नेता का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। वह सीधे बुलडोजर के सामने खड़े हो गए और चिल्लाते हुए बोले आओ, पहले यह जेसीबी मेरे ऊपर ही चढ़ा दो, उसके बाद आगे की कार्रवाई करना।

**नियमों के तहत हुई कार्रवाई :** तहसीलदार अमित सिंह ने बताया कि कि शहर में बिना अनुमति के विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ यह मुहिम चलाई जा रही है। इन कॉलोनाइजरों को पहले ही नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन नोटिस मिलने के बाद भी इन्होंने अवैध निर्माण कार्य जारी रखा। इसी के चलते नियमानुसार यह तोडफ़ोड़ की गई है। तहसीलदार ने कहा कि करीब दो दर्जन अन्य कॉलोनियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। अगर वे तय समय में वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

### मेट्रो स्टेशन का लालच देकर बेचे जा रहे हैं प्लॉट

शहर में इस समय धड़ल्ले से अवैध कॉलोनियां और फार्म हाउस विकसित किए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो जमीन के इस खेल में शामिल भूमाफिया निवेशकों को लुभाने के लिए मेट्रो रेलवे स्टेशन तक आने का झूठा लालच दे रहे हैं और करोड़ों की धोखाधड़ी की जा रही है। पार्षद का गुस्सा इसी बात पर था कि इतनी बड़ी धांधली पर नजर रखने के बजाय प्रशासन सिर्फ चुनिंदा जगहों पर ही पंजा चला रहा है।

### जर्जर भवन और गंदगी को पछाड़कर देश के टॉप-200 स्कूलों में बनाया स्थान

# कभी कचरे के ढेर से घिरे रहने वाले महुआखेड़ी तकीपुर स्कूल को मिला स्वच्छ और हरित विद्यालय पुरस्कार

### जिला नोडल अधिकारी देवेंद्र राठौर के मार्गदर्शन और प्राधानाध्यापक सतीश त्यागी के प्रयासों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कभी जिस स्कूल के मुख्य कमरों के बाहर कचरे के ढेर लगे रहते थे, जहां चारों तरफ फैली दुर्गंध और मच्छरों के कारण बच्चे बैठने से कतराते थे, आज उसी स्कूल ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से देश की सबसे प्रतिष्ठित स्वच्छता सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। जिला शिक्षा विभाग कार्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी तकीपुर का चयन भारत सरकार के 'स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग' 2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के योग्यता प्रमाण पत्र के लिए हुआ है।

बता दें पूरे देश से चुने गए महज 200 सर्वश्रेष्ठ स्कूलों की इस राष्ट्रीय मेरिट सूची में जगह बनाकर इस शाला ने न केवल जिले का, बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। इस राष्ट्रीय गौरव के साथ ही विद्यालय को सतत बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 1 लाख या उससे अधिक की नकद पुरस्कार राशि और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक स्पेशल भ्रमण का मौका मिलेगा।

## टीम वर्क से मिली बड़ी सफलता

विद्यालय को इस मुकाम तक पहुंचाने में स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार के जिला नोडल अधिकारी देवेन्द्र राठौर के मार्गदर्शन और अथक प्रयासों की बड़ी भूमिका रही है। श्री राठौर का रिकॉर्ड स्वच्छता के क्षेत्र में पहले भी बेमिसाल रहा है, इससे पूर्व वर्ष 2018 में भी उनके कुशल निर्देशन में जिले की प्राथमिक शाला कलवाना को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। महुआखेड़ी तकीपुर की इस सफलता को प्रधानाध्यापक व प्रस्तुतकर्ता सतीश त्यागी ने 'बच्चों की मुस्कान' नाम से एक सफलता की कहानी के रूप में पिरोया है।

## अक्टूबर 2022 से पहले था बदहाल

बता दें अक्टूबर 2022 के पहले की स्थिति को याद करते हुए प्रधानाध्यापक सतीश त्यागी बताते हैं कि तब स्कूल किसी कठिन सपने जैसा था। स्कूल की छत से पानी टपकता था, दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें थीं और बरसात के दिनों में बच्चों को बैठाना मुश्किल हो जाता था। शौचालय पूरी तरह टूटे और बदहाल थे, सीटें टूटी होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर हमेशा खतरा मंडराता रहता था। पानी की व्यवस्था न होने से बच्चे घर से पीने का पानी लाने को मजबूर थे। परिसर चारों ओर से खुला होने के कारण वहाँ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था और आवारा जानवर घूमते रहते थे, जिससे बच्चों और पालकों में हमेशा असुरक्षा की भावना बनी रहती थी। बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण कमरों में रोशनी नहीं थी, जिससे पंखे और टीवी धूल खा रहे थे। स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी या हरियाली की यहां सिर्फ कल्पना ही की जा सकती थी।






### अब हाईटेक हुआ स्कूल

**शौचालय और पानी की व्यवस्थाः** सभी शौचालयों की कायाकल्प कर मरम्मत कराई गई। ऊपर पानी की टंकी फिट करवाकर हर शौचालय में नल कनेक्शन दिए गए।

**डिजिटल पढ़ाई और रोशनीः** पूरे स्कूल में नई लाइट फिटिंग कराकर एलईडी बल्ब और ट्यूबलाइट लगाई गईं। स्मार्ट क्लास तैयार कर उसमें स्मार्ट टीवी लगाया गया और एक सुसज्जित पुस्तकालय की व्यवस्था की गई।

**सरपंच और गब्बर चाचा का साथः** इस बदलाव को देख ग्राम पंचायत सरपंच ने तत्काल 13 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल तैयार करवा दी, जिसके सहारे आज एक सुंदर लर्निंग कॉर्नर बच्चों के ज्ञान का खजाना बना हुआ है। वहीं गांव के ही गब्बर चाचा की पहल पर 'बैंक ऑफ बड़ौदा' ने बच्चों के खेलने के लिए फिसलपट्टी और खेल सामग्रियां उपहार स्वरूप भेंट कीं।

## परिवर्तन की आंधी में बदला गया स्वरूप

अक्टूबर 2022 से स्कूल में कायाकल्प की एक नई शुरुआत हुई। सीमित संसाधनों के बीच स्कूल के 05 शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर काम शुरू किया। बच्चों ने दीवारों और कोनों को अपने सपनों के पोस्टरों, चार्ट-इक्वेशन और 'जल है तो कल है' जैसे प्रेरक संदेशों से सजाकर स्कूल को एक नई पहचान दी। इसके बाद गांव और समाज के सहयोग से बदलाव की ऐसी आंधी चली कि सब कुछ बदल गया।

## कालूराम दादा ने फूंकी नई ऊर्जा

स्कूल का पुराना जर्जर ग्रामीण सांस्कृतिक भवन सालों से सुधार की राह देख रहा था। एक दिन जब कालूराम दादा स्कूल में कबेलू पलटने आए तो स्कूल स्टाफ ने उनसे बड़े ही आत्मीय भाव से पूछा कि क्या हम सब मिलकर इस जर्जर भवन को संवार नहीं सकते, यह बात दादा के दिल को छू गई। उन्होंने गांव वालों को इक_ा कर खुद जिम्मेदारी ली और देखते ही देखते वह जर्जर ढांचा एक बेहद खूबसूरत भवन में तब्दील हो गया।

## बालिकाओं के नामांकन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

स्कूल का माहौल बदलने का सबसे बड़ा और सुखद असर बच्चों की दर्ज संख्या पर पड़ा। वर्ष 2023-24 में जहां स्कूल में कुल 84 विद्यार्थी नामांकित थे, वहीं परिसर सुरक्षित और सुंदर होने के बाद वर्ष 2024-25 में यह संख्या बढक़र 105 हो गई। गर्व की बात यह है कि कुल 105 छात्र-छात्राओं में 62 बालिकाएं और 43 बालक शामिल हैं। बेटियों की यह बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि स्कूल में सुरक्षा और स्वच्छता मिलने से अभिभावकों का भरोसा कितना मजबूत हुआ है।

### इन 6 कड़े मापदंडों पर मिली '5-स्टार रेटिंग'

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के वॉश कॉर्डिनेटर अतुल त्रिवेदी और जिला शिक्षा केन्द्र के नोडल अधिकारी स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार प्रभारी देवेन्द्र राठौर ने बताया कि राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया के 60 मापदंडों पर खरे उतरते हुए महुआखेड़ी स्कूल ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर '5-स्टार रेटिंग' हासिल की है। केंद्रीय टीम ने इन मुख्य बिंदुओं पर स्कूल को अव्वल माना, जिसमें सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय। साबुन से हाथ धोने के लिए आधुनिक और पर्याप्त हैंडवॉश स्टेशन। स्कूल परिसर का दैनिक संचालन एवं बेहतर रखरखाव। बच्चों में व्यवहार परिवर्तन और ऊर्जा दक्षता के प्रयास।

### बच्चों की मुस्कान ही हमारी पूंजी

प्रधानाध्यापक सतीश त्यागी कहते हैं कभी कचरे के ढेर से घिरे रहने वाले हमारे इस स्कूल का राष्ट्रीय स्तर पर चुना जाना पूरे गांव के सामूहिक प्रयास, नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। आज हमारे बच्चों के चेहरे की मुस्कान ही हमारी असली पूंजी है।

### त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय प्रतीक हैं : कार्तिकेय चौहान

# पावर हाउस चौराहे पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पावर हाउस चौराहे पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्तिक सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी मातृभूमि और अपने सिद्धांतों की रक्षा के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर नगर के विकास के लिए निरंतर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। नगर में सड़क, सौंदर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में नगर पालिका विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्य निश्चित रूप से प्रशंसनीय हैं।



भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के रक्षक थे। उनका अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करता रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर के गौरव और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य कर रही है। महाराणा प्रताप की प्रतिमा युवाओं में राष्ट्रभक्ति, साहस और स्वाभिमान की भावना को जागृत करेगी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ महापुरुषों के सम्मान में भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजस्व मंत्री कारण सिंह वर्मा जी, जिला संगठन प्रभारी विकास विरानी, वरिष्ठ भाजपा नेता सनी महाजन, पार्षद मुकेश मेवाडा नरेंद्र राजपूत राजेश माझी कमलेश राठौर प्रदीप गौतम के साथ समस्त पार्षदगण केदार सिंह मंडलोई राजेंद्र सिंह मंडलोई एवं मेवाड़ा समाज के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, दो की मौत

**जावर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर बुधवार दोपहर एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया। आष्टा के पास जावर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार इंदौर निवासी दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के 10 अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल एक ही परिवार और रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी लोग इंदौर से भोपाल की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही उनकी स्कॉर्पियो कार जावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर पहुंची, ड्राइवर अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। रफ्तार तेज होने के कारण कार सडक़ पर ही पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के पलटने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर दौड़े। सूचना मिलते ही जावर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई।




### हादसे में भाजपा नेता और महिला की मौत

स्थानीय लोगों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला। हादसे में इंदौर निवासी 38 वर्षीय मयूरेश पिता संतोष गर्ग और 51 वर्षीय संगीता पति सुनील अग्रवाल की मौके पर ही सांसें थम गईं। मृतक मयूरेश गर्ग इंदौर में भाजपा से जुड़े हुए थे। जैसे ही हादसे की खबर फैली राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बेटे और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय तुरंत घटनास्थल और सोनकच्छ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों से चर्चा कर घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। राहगीरों और एम्बुलेंस की मदद से सभी 10 घायलों को तुरंत पास के सोनकच्छ शासकीय अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सभी घायलों को तुरंत इंदौर रेफर दिया गया। हादसे में घायल हुए लोगों में सुनील अग्रवाल, शर्मिला गर्ग, सुरभि अग्रवाल, पलक, रिमी अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, स्वप्नील गर्ग, कनव गर्ग, दूरविक गर्ग और डेढ़ साल की एक मासूम बच्ची शामिल हैं। जावर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को सडक़ से हटवाया और यातायात सुचारू किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### एमजी अस्पताल को दिया 50 हजार की चालानी कार्रवाई का नोटिस

**देवास।** निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा गीले, सुखे कचरे एवं अस्पतालों से प्राप्त मेडिकल वेस्ट के निपटान एवं उसकी चेकिंग निरंतर कचरा संग्रहण वाहनों मे की जा रही है। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में गीले, सुखे कचरे एवं अस्पतालों से प्राप्त मेडिकल वेस्ट संग्रहण वाहनों मे मिक्स पाया जाता है तो निगम की टीम द्वारा सख्ती से चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। स्वच्छता को लेकर निगम की टीम प्रतिदिन ट्रेंचिग ग्राउंड पर सभी कचरा संग्रहण वाहनों की सघन जांच कर रही है। जांच के दौरान एमजी अस्पताल के द्वारा कचरा संग्रहण वाहन मे मिक्स मेडिकल वेस्ट डाला पाया गया जो कि हानिकारक है। एमजी अस्पताल के संबंधित अधिकारी को सूचना पत्र तथा चेतावनी दिए जाने के पश्चात भी मिक्स मेडिकल वेस्ट एमजी अस्पताल के द्वारा कचरा संग्रहण वाहन मे डाले जाने पर टीम के लीडर रवि गोयनार के द्वारा सोमवार 15 जून को 50 हजार की दण्डात्मक चालानी कार्रवाई का सूचना पत्र दिया गया। इस प्रकार से किसी भी अस्पताल से मिक्स मेडिकल वेस्ट पाए जाने पर दण्डात्मक चालानी कार्रवाई निगम के द्वारा की जावेगी।

### पहले भी हो चुके हैं बड़े मामले, अमानक खाद बीज बेचने पर कार्रवाई

# नकली बीज-खाद का खेल : किसान ठगा जा रहा, कच्चे बिलों पर बिक्री, जांच में ही खुलेगी विक्रेताओं की पोल

### महंगे दाम पर अमानक बीज-खाद की भरमार, कागजों में सिमटी कार्रवाई, मेहनत पर संकट, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मानसून की दस्तक ओर खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही भैरूंदा तहसील में नकली और अमानक खाद-बीज का खेल एक बार फिर तेजी से फैलता नजर आ रहा है। बारिश के बाद किसान जहां खेतों में बुवाई में जुट चुका है, वहीं बाजार में मिल रहे बीज और खाद की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिम्मेदार कृषि विभाग और प्रशासन इस पूरे मामले में लगभग मौन दिखाई दे रहा है।

तहसील क्षेत्र में शहर से लेकर गांव तक खाद-बीज की दुकानों पर बिक्री की संभावना है। किसान बिना पर्याप्त जानकारी के दुकानदारों के भरोसे बीज खरीद रहा है। कई जगहों पर कच्चे बिलों के जरिए बिक्री की जा रही है, जिससे न तो उत्पाद की पुष्टि हो पाती है और न ही बाद में शिकायत या मुआवजा लेना आसान होता है। आशंका जताई जा रही है कि अगर गहराई से जांच हुई तो अमानक बीज और फर्जी बिलिंग का बड़ा खुलासा सामने आ सकता है।

#### कागजों तक सीमित जांच, जमीन पर असर शून्य

किसानों आरोप है कि कृषि विभाग द्वारा की जाने वाली




कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है। सैंपल लेने और जांच की प्रक्रिया कागजों में जरूर दिखाई देती है, लेकिन बाजार में बिक रहे संदिग्ध खाद-बीज पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। जब तक लैब रिपोर्ट आती है, तब तक किसान बुवाई पूरी कर चुका होता है और नुकसान झेल चुका होता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि देर से होने वाली कार्रवाई का क्या लाभ।

#### सोयाबीन बीज खरीदकर किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था

भैरूंदा क्षेत्र में यह कोई पहला मामला नहीं है। पिछले साल लाड़कुई स्थित जैन कृषि सेवा केंद्र से सैकड़ों क्विंटल सोयाबीन बीज खरीदे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। खेतों में बीज का अंकुरण नहीं हुआ, जिसके बाद किसानों ने प्रदर्शन और चक्काजाम तक किया।

जांच में बीज अमानक पाया गया और संबंधित दुकान का लाइसेंस निरस्त किया गया था। कई किसानों बीज का भुगतान देना पड़ा तो कई किसान आज भी परेशान हो रहा है। इसी तरह नीमोटा ग्राम पंचायत में नकली खाद का मामला भी सामने आ चुका है, जहां प्रशासन की छापेमारी के दौरान सैकड़ों बोरी खाद जब्त की गई, जांच में भी नकली खाद पाया गया, कृषि विभाग व राजस्व विभाग के द्वारा थाना गोपालपुर में मामला दर्ज भी कराया गया, बावजूद इसके, पांच में से तीन मुख्य आरोपी आज तक गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठते हैं।

#### किसान पर दोहरी मार

खेती की लागत पहले ही लगातार बढ़ रही है। ऐसे में नकली बीज और खाद किसानों के लिए दोहरी मार साबित हो रहे हैं। एक एकड़ सोयाबीन की फसल में 20 से 25 हजार रुपए तक खर्च आता है। यदि बीज खराब निकल जाए तो किसान सीधे कर्ज में डूब जाता है। यही कारण है कि कई किसान अब सोयाबीन छोड़ मक्का जैसी फसलों की ओर रुख कर रहे हैं, जहां जोखिम अपेक्षाकृत कम है।

#### जानकारी के अभाव में बढ़ रही समस्या

ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को प्रमाणित बीज और खाद की सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। कृषि विभाग की सक्रियता कम होने के कारण किसान दुकानदारों पर निर्भर हो गया है। कई बार उन्हें बिना पक्के बिल के ही उत्पाद थमा दिए जाते हैं, जिससे बाद में किसी तरह की कानूनी कार्रवाई या मुआवजा लेना मुश्किल हो जाता है।

#### सख्त कार्रवाई की जरूरत

भैरूंदा में नकली खाद-बीज का यह कारोबार न सिर्फ किसानों की जेब पर चोट कर रहा है, बल्कि उनकी मेहनत और भविष्य को भी खतरे में डाल रहा है। पूर्व में हुई कार्रवाई के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। अब जरूरत है कि प्रशासन कागजी कार्रवाई से आगे बढ़े, बाजार की नियमित निगरानी करे, कच्चे बिलों पर बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे।

## अभा क्षत्रिय महासभा द्वारा हर्षोल्लास व समारोह पूर्वक मनाई गई महाराणा प्रताप और महाराज छत्रसाल जयंती

**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर हिमांश पैलेस गार्डन चाणक्यपुरी मे महाराणा प्रताप एवं छत्रसाल जयंती हर्षोल्लास एवं समारोहपूर्वक मनाई गई। हिमांश पैलेस गार्डन चाणक्यपुरी मे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे आई एस तोमर डीन कृषि महाविद्यालय सीहोर अतिथि के रूप में बलवीर सिंह तोमर पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस, ईश्वर सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह चौहान करणी सेना, शिवजी सिंह अध्यक्ष भोजपुरी समाज, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर वरिष्ठ कांग्रेस नेता, रामपाल सिंह, गुरुदेव सिंह, भंवर सिंह पाडलिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा महेन्द्र सिंह राठौड़ ने की। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाराणा प्रताप एवं महाराज छत्रसाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा अध्यक्ष ठा गणेश सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया तथा स्वागत भाषण का वाचन किया उन्होंने महासभा द्वारा समाज



के हित मे किये जा रहे समाज हितेषी कार्यो का विवरण दिया।

इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। निबंध का विषय भोपाल सम्भाग मे विदेशी शासकों के विरुद्ध राजपूतो का संघर्ष रहा। प्रतियोगिता मे बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में जितेन्द्र सिंह राठौड़, धीरेन्द्र सिंह राजावत, शिवशंकर सिंह, मुकेश सिंह दरबार, गोपाल सिंह ठाकुर, इन्द्रपाल सिंह गहरवार, महेन्द्र सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह चन्देल, राजेन्द्र सिंह सिकरवार, प्रताप सिंह ठाकुर, चन्द्रकांत चौहान, रमेश सिंह चौहान, कृष्णपाल सेंगर, चन्दन सिंह सिसौदिया, सियाराम गौतम, लखन सिंह गौर, कर्णवीर सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह चौहान, अजीत सिंह सिंदल, सुरेन्द्र कुशवाह, विजय सिंह तोमर, ईन्दर सिंह, शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, रविन्द्र राजपूत, अजय सिंह पंवार, प्रताप सिंह बैस, रामजी सिंह परिहार, गजराज सिंह राघव, नवतेज सिंह, संजय सिंह जादौन, एस.एस. तोमर, सुदीप सिंह तोमर, शिवनाथ सिंह जादौन, महेश सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## किसान डीजल के लिए हो रहे परेशान : राजीव गुजराती

### ई - टोकन व्यवस्था किसानों के लिए बनी मुसीबत

**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए कहा कि जिले में खरीफ फसलों के बोवनी का समय चल रहा है। ऐसे में जिले में किसानों को समय पर खाद और डीजल की उपलब्धता सुगम की जाए नहीं तो खरीफ सीजन प्रभावित हो सकता है। राजीव गुजराती में आगे कहा कि किसानों को ऑनलाइन बुकिंग में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। कभी सर्वर डाउन हो जाता है तो कभी ओटीपी नहीं आता ऐसे में किसानों को बार-बार गाँव से शहर आकर ऑनलाइन केन्द्रों पर चक्कर लगाना पड़ रहा हैं, जिसके कारण अनदाताओं के पैसे व समय की बर्वादी हो रही है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए या फिर पुरानी व्यवस्था बहाल कर समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि खेती और उत्पादन पर कोई असर न पड़े। साथ ही उन्होंने कहा



कि जिन किसानों के पास बरसों से वन भूमि है, वह इस ऑनलाइन प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं, उनके लिए भी सरकार को कोई दूसरी व्यवस्था करना चाहिए। साथ ही राजीव गुजराती में कहा कि किसानों को पेट्रोल पंपों पर ड्रम या अन्य पात्रों में डीजल नहीं दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि किसानों को अनावश्यक परेशान ना किया जाए और डीजल की उपलब्धता कराई जाए।

## अवैध रेत खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 2 जेसीबी जब्त

### शिकायतों के बाद टीम ने मारी दबिश, एसडीएम बोले- कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

**भैरुंदा।** तहसील की ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी सहित आसपास के क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत खनन पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी की रेत खदान पर अचानक दबिश दी और मौके से अवैध खनन में लगी दो जेसीबी मशीनों को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के मुताबिक, पिछले कई दिनों से प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग नियमों को ताक पर रखकर नदी से अवैध रूप से रेत निकाल रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार इसकी मौखिक रूप से शिकायत की थी और बताया था कि इससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, साथ ही नदी और पर्यावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की योजना बनाई।

एसडीएम सुधीर कुशवाह के निर्देशन में नायब तहसीलदार रामप्रसाद गोरले के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम में चार पटवारी भी शामिल थे। योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए टीम



जैसे ही खदान पर पहुंची, वहां जेसीबी मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन जारी था। टीम ने मौके पर ही दोनों मशीनों को जब्त कर लिया और कार्रवाई शुरू कर दी। जब्त की गई जेसीबी मशीनों को थाना गोपालपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। इस दौरान पटवारी राजू अहिरवार, जितेंद्र शिकरवार, शुभम यादव और नरेन्द्र ठाकुर भी मौके पर मौजूद रहे और कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### लंबे समय से मिल रही थीं अवैध उत्खनन व परिवहन की शिकायतें

चौरसाखेड़ी और आसपास के नर्मदा घाटों पर अवैध खनन को लेकर लंबे समय से शिकायतें आ रही थीं। ग्रामीणों का कहना था कि खनन माफिया लगातार सक्रिय हैं और बिना किसी डर के रेत निकाल रहे हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी थी। ऐसे में प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों को राहत मिली है और विश्वास भी बढ़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध खनन के कारण नदी का प्राकृतिक स्वरूप बदल रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए, ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लग सके।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। जब्त मशीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने साफ कहा कि अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

## अदम्य साहस, अद्भुत पराक्रम व अप्रतिम वीरता के पर्याय थे महाराणा प्रताप:पं.महेश दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में नगर के प्रमुख मार्गों से चल समारोह निकला। चलसमारोह में ढोल ताषे, डीजे आकर्षण का केन्द्र रहे। चल समारोह को स्थानीय भगवान परशुराम चौराहा कोतवाली पर पं.महेश दुबे मित्रमण्डली के द्वारा वरिष्ठजनों को साफा पहनाकर पुष्पहारों भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री दुबे ने अपने व्यतव्य में कहा कि महाराणा प्रताप जी ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आत्मसम्मान और मातृभूमि के प्रति संकल्प से




कभी समझौता नहीं किया। उनका शौर्य, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रप्रेम आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित करता है। अदम्य साहस, अद्भुत पराक्रम व अप्रतिम वीरता के पर्याय, महान योद्धा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर सादर नमन। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष अशोक सिसोदिया, सुनील लोवानिया, रमेश चन्द्रवंशी, हीरालाल प्रजापति, जितेन्द्र साहू, विष्णु बड़ोदिया, रामचन्दर पटेल, विजय दुबे, यश दुबे सहित बड़ी संख्या में साथीगण उपस्थित रहे।

## पंडित प्रदीप मिश्रा बोले: भगवान शिव पर भरोसा रखो, जीवन के सभी संकट होंगे दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थत कुबेरेश्वरधाम में आयोजित भव्य भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी ने अपनी मधुर एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। यहां पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का जन्मोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। भव्य पंडाल में यहां पर भव्य मंच बनाया गया था। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी आदि की व्यवस्था की। यहां पर रात्रि को बाबा की आरती के पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया गया।

समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कीर्तिदान गढ़वी ने भगवान शिव, सनातन संस्कृति एवं भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति दी। जैसे ही उन्होंने अपने लोकप्रिय भजनों का गायन शुरू किया, पूरा पंडाल हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भजनों



पर झूमते नजर आए और पूरा वातावरण शिवमय हो गया।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन के दौरान कहाकि भगवान शिव पर सच्चा भरोसा रखने वाला व्यक्ति कभी निराश नहीं होता। महादेव अपने भक्तों का हर परिस्थिति में कल्याण करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, यदि श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान शिव का स्मरण किया जाए तो सभी संकटों का समाधान मिल जाता है। महादेव अपने भक्तों को धैर्य, शक्ति और सफलता प्रदान करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से शिव पूजन, अभिषेक और मानव सेवा करने का आग्रह किया। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए भक्ति गीतों का आनंद लिया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

### उस्तादों, खलीफाओं और समाज के वरिष्ठजनों ने जताया विश्वास

# मुहर्रम त्योहार कमेटी की कमान आजम लाला को, दूल्हा बादशाह दरगाह पर चयन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आगामी मुहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर दूल्हा बादशाह दरगाह परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न अखाड़ों, ताजिया कमेटियों के उस्ताद, खलीफा, समाज के वरिष्ठजन एवं मुस्लिम त्योहार कमेटी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में मुहर्रम पर्व की तैयारियों, अखाड़ों एवं ताजियों की व्यवस्थाओं तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सभी समाजजनों ने सर्वसम्मति से आज़म लाला को मुहर्रम त्योहार कमेटी, सीहोर का अध्यक्ष मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर उपस्थित लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

अध्यक्ष मनोनीत होने के पश्चात आज़म लाला का उपस्थित समाजजनों एवं कमेटी के सदस्यों द्वारा पगड़ी बांधकर एवं फूलमालाओं



से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। वहीं कमेटी में रफीक भाई (मछली पुल) एवं बिट्टू खां को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में संरक्षक के रूप में अफजल पठान, मुन्ना भाई साइकिल वाले, दिनेश कुमार मिश्रा, बजरिया वाले रफीक उस्ताद, जमशेद पहलवान, अनु चौधरी, अतहर अहमद एवं साजिद पठान उपस्थित रहे। वहीं मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष अंसार पठान, एजाज भाई, शब्बू पहलवान, माजिद भाई, रवि पांडे, अमन लाला, रफीक भाई उस्ताद (मोहम्मदी अखाड़ा), मोहम्मद नेता ताहिर, चुम्मा भाई ताजिए वाले, हाशिम बाबा दरगाह खादिम, अबरार भाई ताजिए वाले, अमान खान, रोहन राजपूत, सकेत शर्मा, अब्दुल्ला मियां, जैद पठान, अरमान पठान एवं शकील तूफानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

इसके अलावा कस्बे एवं छावनी क्षेत्र के सभी प्रमुख अखाड़ों के उस्ताद, खलीफा एवं ताजिया कमेटियों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया और मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं भाईचारे के साथ संपन्न कराने का संकल्प लिया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष आज़म लाला ने सभी वरिष्ठजनों, उस्तादों, खलीफाओं एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी को साथ लेकर मुहर्रम पर्व की व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने का प्रयास करेंगे तथा समाज के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

संत रामपाल महाराज की मुहिम से समाज में आ रहा बदलाव...

# मात्र 17 मिनट में बिना दहेज और आडम्बर के विवाह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ब्यावरा/नरसिंहगढ़

समाज में व्याप्त दहेज जैसी कुरीतियों को जड़ से मिटाने के लिए संत रामपाल महाराज के सानिध्य में एक और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। 15 जून को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ स्थित गांधीग्राम नामदान केंद्र पर एक आदर्श दहेज-मुक्त विवाह संपन्न हुआ, जो समाज के लिए एक बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है।

### सादे समारोह में बंधे परिणय सूत्र

राजगढ़ जिले की ब्यावरा तहसील के निवासी राजेश दास पिता अंतर दास और भोपाल के गांधीनगर निवासी मुस्कान दासी पिता कालूराम दास ने सादगीपूर्ण तरीके से विवाह संपन्न किया। इस विवाह की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यह मात्र 17 मिनट में बिना किसी दहेज, बिना फिजूलखर्ची और बिना किसी आडंबर के पूर्ण हुआ। न इसमें कोई दिखावा हुआ और न ही दहेज का लेन-देन, जो वर्तमान समय में युवा पीढ़ी के लिए एक बड़ा संदेश है।



### संत रामपाल की मुहिम का असर

संत रामपाल महाराज के मार्गदर्शन में अब तक लाखों ऐसे दहेज-मुक्त विवाह संपन्न कराए जा चुके हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य 'दहेज नहीं, बेटी को सम्मान देना है। अनुयायियों का कहना है कि ऐसी शादियों से न केवल समाज में फैली कुरीतियां खत्म हो रही हैं, बल्कि कर्ज के बोझ और दहेज के कारण होने वाली आत्महत्याओं जैसी घटनाओं पर भी रोक लग रही है।

### समाज को दिया संदेश

इस आयोजन के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया है कि विवाह एक पवित्र संस्कार है, जिसे दिखावे के बजाय सादगी और मर्यादा के साथ पूरा किया जाना चाहिए। 'रमैणी' (सादी विवाह विधि) के माध्यम से संपन्न हुए इस विवाह में समाज के प्रबुद्ध जनों ने भी सराहना की और कहा कि यदि देश के प्रत्येक नागरिक द्वारा इस तरह की पहल अपनाई जाए, तो भारत को दहेज मुक्त बनाना संभव है। दहेज नहीं, बेटी को सम्मान दो'' के ध्येय वाक्य को अपनाते हुए, समाज को कुरीति मुक्त बनाने की अपील की गई है।

शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान करने के लिए विभागों ने लगाए स्टॉल

# प्रतियोगिता से कुपोषण मुक्ति एवं स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरुकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज राजगढ़

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को राजगढ़ नगर के पारायण चौक में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना रहा।




शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं एवं आवेदनों का पंजीयन कराया।शिविर में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों ने सहभागिता कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आमजन से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर अनुविभागीय (राजस्वम) अधिकारी निधि भारद्वाज एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन अवस्थी भी उपस्थित रहे। शिविर में ऊर्जा, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, स्वास्थ्य, श्रम, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों को शासन की योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही भी की गई।शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक एवं संतुलित आहार से संबंधित आकर्षक मॉडल एवं व्यंजन प्रस्तुत किए।



प्रतियोगिता के माध्यम से कुपोषण मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों को प्राप्त कुल 2166 आवेदन दर्ज किए गए, जिनमें अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

जनकल्याण शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे लोगों का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो रहा है।

जटिल शल्य चिकित्सा हुई सफल

# सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल मरीज को मिला नया जीवन



हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

जिला चिकित्सालय राजगढ़ में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने एक जटिल शल्य चिकित्सा को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल मरीज के टूटे हुए निचले जबड़े को पुनः सामान्य स्थिति में स्थापित किया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि गत दिनों हुई एक सड़क दुर्घटना में 36 वर्षीय भगवान सिंह, निवासी राजगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के कारण उनके निचले जबड़े की हड्डी टूट गई थी। साथ ही दांतों का संतुलन बिगड़ गया था तथा मुंह के अंदर गंभीर चोटें आई थीं। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जिला चिकित्सालय में पदस्थ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सेवी वर्मा द्वारा मरीज का परीक्षण किया गया। आवश्यक जांच के तहत मरीज का सीटी स्कैन कराया गया, जिसमें निचले जबड़े की हड्डी में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। जांच उपरांत डॉ. वर्मा एवं उनकी टीम ने अत्यंत कुशलता के साथ सफल शल्य चिकित्सा की। ऑपरेशन के दौरान मुंह के अंदर से ही चीरा लगाकर मिनी प्लेट की सहायता से टूटे हुए जबड़े की हड्डी को पुनः जोड़ा गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से जबड़ा अपनी सही स्थिति में आ गया और मरीज को राहत मिली। जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल रहा है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में योगाभ्यास प्रशिक्षण का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज राजगढ़

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में कार्यालय आयुक्तउच्च शिक्षामध्यप्रदेशभोपाल के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के खेल विभाग द्वारा पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य आयोजित विशेष जनकल्याणकारी अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को महाविद्यालय के खेल विभाग में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. खरे ने प्रतिभागियों को नियमित रूप से योग अपनाने तथा 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है और इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. बी.एल. वर्मा ने विद्यार्थियों को योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगभ्यास शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। प्रशिक्षण सत्र में महाविद्यालय के खेल अधिकारी मनोज कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित अन्य योगासनों का



अभ्यास कराया गया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम की विधि तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 जून तक संचालित होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ के सदस्य उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय जनकल्याण शिविर शुरू, पहले दिन कम हितग्राही पहुंचे



**सारंगपुर।** कृषि उपज मंडी परिसर में मंगलवार से तीन दिवसीय जनपद स्तरीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 18 जून तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुई तथा संचालन बीईओ सुरेश वीरमाल ने किया। शिविर का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना और लंबित प्रकरणों का मौके पर निराकरण करना है। सुबह 11 बजे शुरू हुए शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम रोहित बम्होरे, जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल, तहसीलदार आकाश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, पंचायत, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक न्याय विभाग सहित विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए हैं। ऊर्जा विभाग द्वारा संपर्कता अभियान चलाया गया, वहीं ईडब्ल्यूएस एवं जाति प्रमाण पत्रों के प्रकरणों तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण भी किया गया। कई आवेदनों पर मौके पर कार्रवाई कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई। ग्रामीण महिलाओं के लिए कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। हालांकि पहले दिन अपेक्षा के अनुरूप भीड़ नहीं पहुंची। अधिकारियों ने आगामी दो दिनों में अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

# पोषणयुक्त व्यंजनों से सजी प्रतियोगिता 45 स्वसहायता समूहों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज नरसिंहगढ़

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत मंगलवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष में ब्लॉक स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक के 45 स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लेते हुए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ डॉ इच्छित गढ़पाले, एसडीएम सुशील कुमार, पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष सुरेश शर्मा, भाजपा जिला मंत्री सतेंद्र सिंह एवं मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने स्थानीय खाद्य सामग्री से तैयार किए गए विविध व्यंजनों को प्रस्तुत किया। निर्णायकों द्वारा स्वाद, पौष्टिकता, प्रस्तुतीकरण एवं नवाचार के आधार पर व्यंजनों का



मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में भगवान देवनारायण समूह, माना ने सर्वाधिक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक पकवान तैयार कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए समूह को शासन की ओर से 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर प्रगति समूह गांधीग्राम एवं सरस्वती समूह लसुडल्या रामनाथ रहे, जिन्हें 3-3 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं कमला समूह जामोनया गणेश, राजीव गांधी समूह तलेन तथा ओम समूह नरसिंहगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर 2-2 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार के रूप में वीरा समूह इकलेरा, सरस्वती समूह कुरावर एवं स्वरूचि समूह पूरा बरायठा को 1-1 हजार रुपये प्रदान किए गए। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी समूहों को जिला प्रशासन द्वारा 500-500 रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पोषणयुक्त भोजन को बढ़ावा देने तथा स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया।

# प्रीमियर लीग सीजन-1 की विजेता बनी सारंगपुर वॉरियर्स

**सारंगपुर।** स्थानीय परिसर में आयोजित दो दिवसीय सारंगपुर प्रीमियर लीग (खो-खो) सीजन-1 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 13 एवं 14 जून 2026 को किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खो-खो क्लब सारंगपुर के सचिव




भारत भेरवे ने बताया कि बालक वर्ग की इस प्रतियोगिता में सारंगपुर वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं सारंगपुर रॉयल्स उपविजेता रही, जबकि सारंगपुर बुल्स ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में हिंदुस्तान समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, अशोक साहू, वैभव पुष्पद, सुशील व्यास सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीमों को सम्मानित किया।टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विश्व विजेता खिलाड़ी सचिन भार्गव को "टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर" का पुरस्कार प्रदान किया गया।

विधायक ने कार्यप्रणाली पर जताया था असंतोष...

# विवादों में घिरे डॉ. शाक्य की एक साल बाद वापसी

**माचलपुर।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय तक अटैच रहे डॉक्टर भरतलाल शाक्य जिनकी विभाग व जनप्रतिनिधियों में गहरी पकड़ है। लंबे समय तक अपने अटैचमेंट के साथ वित्तीय प्रभार भी संभाले रखा। स्वास्थ केंद्र में रहते हुए इनपर अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने का आरोप था। साथ ही स्वास्थ विभाग में पदस्थ महिला चिकित्सक ने इन पर यौन उत्पीड़न के आरोप भी लगाए थे। नागरिकों के विरोध के बाद विधायक हजारीलाल दांगी ने इनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए पत्र जारी कर इन्हें अपनी विधानसभा से अन्य जगह स्थांतरित करने की मांग की थी। जिसके बाद इनका स्थांतरण सीहोर जिले के इछावर हो गया था। तब से अब तक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की कमजोरी के कारण इस स्वास्थ केंद्र को कोई स्थाई डॉक्टर नहीं मिल पाया था। अब देखना है कि इनकी कार्यप्रणाली में बीते एक वर्ष में कुछ सुधार हुआ है या नहीं।


हजारीलाल दांगी
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्र. 153 खिलचीपुर

क्रमांक 53

दिनांक 11/05/2025

प्रति,

कलेक्टर म्होदय,
जिला राजगढ़

विषय – स्थानांतरण करने बावत्।

विषयान्तर्गत निवेदन है कि डॉ.भरतलाल शाक्य संविदा मेडिकल ऑफीसर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोघटपुर में पदस्थ होकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर में कार्यरत है। इनकी कार्यशैली से जनता असंतुष्ट है। ये पूरे समय घर पर रहकर प्रेक्टिस करते है एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर में समय से ड्यूटी पर नही रहते है। इनकी काफी शिकायते प्राप्त हो रही है।

साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर में पदस्थ डॉ.पायल पाटीदार का अटैचमेन्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुजनेर किया गया है, जिससे क्षेत्र की जनता में काफी नाराजगी है। स्थानीय जनप्रतिनिधि जनता की मांग अनुसार इनका अटैचमेन्ट समाप्त कर पुनः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर में पदस्थ किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि श्रीमति पायल पाटीदार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुजनेर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर करने एवं डॉ. भरत शाक्य को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर से अन्यत्र विधानसभा में करने का कष्ट करे।

भवदीय
(हजारीलाल दांगी)

सबका साथ.....सबका विकास

यातायात प्रबंधन, जुलूस मार्ग, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा

# मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज नरसिंहगढ़

आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, पुलिस अधिकारियों तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाने पर सहमति बनी। बैठक में मुहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, जुलूस मार्ग, साफ-



सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों से सहयोग की अपील करते हुए किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया। एसडीएम सुशील कुमार एवं थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ ने सभी समुदायों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने तथा प्रशासन को आवश्यक सहयोग देने की अपील की। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कपिल वैध, अमर सिंह बिकावत, कपिल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, रमेश मालवीय, रिंकू जाट, पार्षद सद्दाम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।




### शांति समिति की बैठक संपन्न

**माचलपुर।** नगर के थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना प्रभारी आदित्य सोनी राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह बरदानिया कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी, विद्युत विभाग कनिष्ठयंत्री मनोज कुमार वर्मा नगर परिषद इंजीनियर गोविंद सिंह चैहान सहित जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व पर निकलने वाले जुलूसों, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आग्रह किया।

### 'जुलूस मार्ग पर लटके विद्युत तारों को ऊपर करवाएं'

**जीरापुर।** स्थानीय पुलिस थाना परिसर में मुस्लिम समाज के मोहर्रम त्यौहार एवं ताजिया जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक 'थाना प्रभारी होकम सिंह मीणा' की मुख्य उपस्थिति में हुई। बैठक में 'थाना प्रभारी हुकुमचंद मीणा, नगर परिषद सीएमओ देवनारायण दांगी, मप्रविमं जेई करण संत, तहसील कार्यालय से शिवचरण मंडलोई, नगर परिषद से रमेशचंद्र मालवीय, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह' सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशासन के दिशा-निर्देश अनुसार 'मोहर्रम स्थल एवं जहां ताजिया रखे जाते हैं वहां सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरा लगाना अनिवार्य' किया गया है। 'अखाड़ा में धारदार हथियार पर पूर्ण प्रतिबंध' रहेगा और कानून का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिजली विभाग' को निर्देश दिए गए कि 'जुलूस मार्ग पर लटके हुए विद्युत तारों को ऊपर करवाया जाए'। '

## खबर संक्षेप

### शिविर लगाकर 1074 बच्चों को लगाए टीके



**सीहोर**। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 16 जून को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 710 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 364 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 200 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### खेल परिसर में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**सीहोर**। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे गए हैं। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग जारी आदेश के अनुसार जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन सीहोर के शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों, योग संस्थाओं तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही जिले के समस्त विकासखंड मुख्यालयों, पंचायत स्तर तथा शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों में भी सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर के द्वारा कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 19 को

**सीहोर**। जिला रोजगार कार्यालय में 19 जून को प्रातः 11:00 बजे से रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की फ्रीडम एम्पलाईबिलिटी एकेडमी, सूर्या इंटरप्राइजेस सीहोर, सूलिन ग्लोबल एंटरप्राइजेज आदि कम्पनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स ऑफिसर, इंग्लिश टीचर, कस्टमर केयर, सुपरवाइजर, एचआर, इंग्लिश टीचर, आदि के लगभग 220 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ रोजगार कार्यालय सीहोर में उपस्थित हो सकते है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

# किसानों को डीजल-खाद उपलब्ध कराने की मांग, खेती के कार्यों में आ रही परेशानी

बोले, किसानों को केवल वाहनों में ही डीजल देने की व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों को डीजल कैन एवं कुप्पी में उपलब्ध कराने तथा पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह मेमदाखेड़ी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में किसानों को केवल वाहनों में ही डीजल दिए जाने की व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है। खेतों में कार्य कर रहे किसानों को डीजल लेने के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और आर्थिक नुकसान दोनों हो रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि सरकार द्वारा यह कहा जा रहा है कि किसानों को राहत देने के लिए कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं तथा डीजल उपलब्ध कराने के आदेश दिए जा चुके हैं, लेकिन क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों के पास अभी तक इस संबंध में कोई स्पष्ट आदेश या निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। ऐसे में जमीनी स्तर पर किसानों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है और स्थिति यथावत बनी हुई है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। खाद के लिए किसानों को लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है, वहीं कई स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि किसानों को कैन एवं कुप्पी में डीजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था तत्काल लागू की जाए, पेट्रोल पंपों को स्पष्ट बआदेश जारी किए जाएं तथा खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर किसानों को राहत प्रदान की जाए। इस मौके पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ मीना सिंगी, सोबालसिंह मुगली, सोबालसिंह बागेर, कमलसिंह चौहान, विनीत सिंगी, सोहेल मिर्ज़ा, इदरीस मंसूरी, भैया एमपी, एच. आर. परमाल, घनश्याम जांगड़ा, नरेंद्र कुशवाह, शैलेश राठौर, खालिद पठान, सुभाष नामदेव, चंदर सिंह ठाकुर, राजेश यादव, आत्माराम परमार, कृपाल मालवीय, तौसीफ़उद्दीन, फ़ैज़ुद्दीन, अमित पटेल, लोकेंद्र भाटी, राहुल पटेल, गोरे मियाँ, प्रदीप भाटी, महेश पटेल, डॉ एज़ाज़, बिट्टू ठाकुर, अंशु ठाकुर, खालिद खाकी, नफ़ीस शाह, अमजद पटेल, मुकेश काजीखेड़ी, महेश वर्मा, रूपसिंह गोरिया, महेश वर्मा, बन्ने खाँ, राहुल ठाकुर, भरत वर्मा, रमेश विश्वकर्मा, जोगेन्द्र ठाकुर, राजेश सोलंकी, देवराज मालवीय, सतीश राजपूत, रेवाराम विश्वकर्मा, दिलीप सिंह मालवीय, विनोद सोलंकी, आदि लोग मौजूद रहे।

### किसानों को मिले डीजल-पेट्रोलः हरपाल



सरकार द्वारा किसानों को बिना रजिस्ट्रेशन खाद नहीं देने वकिसानों को पेट्रोल पंप पर ड्रम या अन्य पात्रों में डीजल नहीं देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री मोहन यादव 'किसान कल्याण वर्ष' मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। पेट्रोल पंपों से किसानों को टैंक या अन्य पात्रों में डीजल देने पर रोक है और खाद प्राप्त करने के लिए भी ऑनलाइन पंजीकरण एवं टोकन की जटिल व्यवस्था लागू की गई है। जिले के विधायक, सांसदों से अपेक्षा है कि वे किसानों की इस समस्या को गंभीरता से उठाएं और पूर्व की व्यवस्था की तरह किसानों को बिना अनावश्यक रोक-टोक डीजल उपलब्ध कराने तथा खाद वितरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए पहल करें। ठाकुर ने कहा है कि जब आपको लोगों ने वोट देकर जिताया तो फिर किसानों की जरूरी मांगों के लिए आप लोग मुख्यमंत्री मोहन यादव से बात करके इस समस्या का समाधान क्यों नहीं करवाते हैं। तत्काल किसानों को बिना रोक-टोक के पेट्रोल पंप से डीजल मिले एवं बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के सीधा खाद मिले ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## तीर्थयात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत किया, सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

युवा व्यवसायी एवं समाजसेवी राज परमार के पूज्य माताजी-पिताजी सहित लगभग 60 श्रद्धालुओं का दल पावन चारधाम यात्रा (यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम) तथा माता वैष्णो देवी, बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर सकुशल अपने ग्राम हकीमाबाद लौटने पर ग्रामवासियों व समाजजनों ने स्वागत व सम्मान किया। तीर्थयात्रा पूर्ण कर लौटने के उपलक्ष्य में ग्राम के मंदिर परिसर में विशेष पूजन-अर्चन, भजन व भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने अपनी दिव्य यात्रा के अनुभव साझा करते हुए चारधाम एवं अन्य पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन से प्राप्त आध्यात्मिक अनुभूतियों का वर्णन किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, शुभम कुशवाहा, अखिल भारतीय कुशवाह महिला महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष गीता नरेंद्र कुशवाहा सहित परिवारजन कार्यक्रम में पहुंचे तथा भोजन प्रसादी ग्रहण की। साथ ही तीर्थयात्रियों का स्वागत कर उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का चित्रयुक्त स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सम्मान समारोह में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति, अभिषेक सुराना, एडवोकेट वीरेंद्र परमार, नरेंद्र पोरवाल, सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, सुनील कचनेरिया, सुनील प्रगति, जनरल स्टोर संघ अध्यक्ष पल्लव प्रगति सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों ने चारधाम एवं अन्य पवित्र धामों की सफल यात्रा पूर्ण कर लौटे सभी श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं एवं शुभकामनाओं के साथ अभिनंदन किया। समाजजनों ने कहा कि तीर्थयात्राएं भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं, जो व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा, सकारात्मकता एवं धर्म के प्रति आस्था को और अधिक सुदृढ़ करती हैं। अंत में सकल हिंदू समाज की ओर से सभी तीर्थयात्रियों को पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम सौहार्द, श्रद्धा एवं धार्मिक उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

## मंडल में आने वाले गांव का दौरा कर ग्रामीणों को बता रहे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सेवक के रूप में 12 साल पूर्ण होने पर भाजपा ग्राम ग्राम,घर घर पहुच कर विकास कार्यो से आम जन को अवगत कराने में जुटी हुई है। 12 साल के कार्यकाल में किये कार्यो से मोदी जी ने देश की छबि को विश्व पटल पर चमकाई है, 12 साल की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है की जो पड़ोसी मुल्क 12 साल पहले हमें आंखे दिखाता था आज वो ही पड़ोसी मुल्क मोदी की आंखों से डरता है ओर ये नजारा वो ऑपरेशन सिंदूर के समय देख चुका है,की अब भारत, वो पहले वाला भारत नही है,आज का नया भारत मोदी का भारत है जो घर मे घुस कर मारता है ।

उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने 12 साल विश्वास,विकास और जनकल्याण के को लेकर भाजपा द्वारा मंडलो के दौरे के दौरान मैना मंडल के ग्राम डाबरी, भमूरा, खड़ी हाट,चामसी, बैजनाथ, खामखेड़ा बैजनाथ, मैना, पटारिया गोयल, लौरास खुर्द, गोदी, लौरास कलाँ, हीरापुर, बगड़ावदा, सेवदा में चौपाल लगा कर ग्रामीण बंधुओ को संबोधित करते हुए कहे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए बिना रुके, बिना थके, बिना कोई छुट्टी लिये चरैवेति चरैवेति के मूल मंत्र को लेकर लगातार 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो गया है । मोदी जी का सपना है 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है,विकसित भारत की तरह ही हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का भी सपना है की मप्र को भी विकसित मप्र बनाये ओर हम सभी मिल कर यही प्रयास ओर कार्य कर रहे है । इन 12 वर्षो की विकास,विश्वास और जनकल्याण के किये कार्यो उपलब्धियों को बताने भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देशों के पालन में आष्टा विधायकने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के मंडलो का जो दौरा शुरू किया उसके तहत मैना मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य के साथ मैना मंडल का दौरा ग्राम डाबरी, भमूरा, खड़ी हाट,चामसी, बैजनाथ, खामखेड़ा बैजनाथ, मैना, पटारिया गोयल, लौरास खुर्द, गोदी, लौरास कलाँ, हीरापुर, बगड़ावदा, सेवदा पहुचे ओर ग्रामो में ग्रामीणों से भेंट कर चौपाल लगा कर विधायक ने संवाद किया और बताया की देश के प्रधान सेवक के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ही पद पर रहते हुए जनता की सेवा करते 12 साल पूर्ण हो गये है, उसी के तहत पार्टी के निर्देश पर हम सभी मंडलो के ग्राम ग्राम के दौरे कर 12 साल की उपलब्धियों को,विकास को बताने,जनता से मिलने,उनसे संवाद करने उनके द्वार तक जा रहे है। 12 साल में प्रधानमंत्री ने देश का नाम विश्व मे ऊंचा किया है वही देश मे विकास का इतिहास लिखा है।

## जनसुनवाई में ग्रामीणों ने बताई गांव की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में बीसूखेड़ी जावर के ग्रामीणों ने आष्टा विधायक कार्यालय में जनसुनवाई में शिकायती मांग पत्र विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को सौपा ओर शिकायत की,की जावर से बीसूखेड़ी तक का जो 9 किमी लंबा टू लेन डबल मार्ग बन रहा है,रोड निर्माण के ठेकेदार ने उक्त रोड जो कि 9 किमी लम्बा बनना है,उसकी लम्बाई घटा कर उसने 8 किमी कर दी जो परेशानी का कारण बनी हुई है। उसकी जांच करा कर रोड 9 किमी ही बने ऐसा निर्देश दे।

ठेकेदार द्वारा अपनी मन मर्जी से रोड की लंबाई 01 किमी कम करने से पूरे क्षेत्र के लोगो के लिये बड़ी परेशानी का कारण बन जायेगा। ग्रामीणों ने उक्त रोड पूरा 9 किमी लम्बा ही बनाने की मांग की है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 11 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है।

आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में श्यामपुरा से झरखेड़ी तक मुरमीकरण कराने,पी.एम. आवास की शेष राशि प्रदाय कराने,टेलेण्ट हायर सेकेण्डरी कॉलोनी में जल निकासी की समस्या का समाधान कराने,समस्त कम्प्यूटर डाटा आपरेटरों का माह नवम्बर से लंबित देयक राशि का भुगतान करवाने, ग्राम कुण्डियानाथू में ग्रेवल रोड़ टीन शेड एवं डामरीकरण रोड़ स्वीकृति कराने,स्वैच्छिक स्थानान्तरण कराने, श्यामपुर मगरदा में अटल ज्योति योजना अंतर्गत लाईट लगवाने,ग्राम रसूलपुरा में स्थित शासकीय हेन्ड पम्प पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने, सरोज बिल्लोरे को वार्ड न. 07 प्रधानमंत्री आवास का लाभ प्रदाय कराने,ग्वाली में किसानों को फारेस्ट विभाग द्वारा कृषि भूमि हेतु जमा किए गए रूपये की रशीद प्रदाय नहीं करते है,फारेस्ट अधिकारी द्वारा द्वारा ग्राम ग्वाली में आवेदक गण संतोष जीवन सुरेन्द्र अन्य की टापरी तोड़ने पर बेघर हो जाने पर उचित कार्यवाही कराने, रूकी छात्रवृत्ति प्रदाय कराने, रामदेवजी महाराज गोपालपुर में जीर्णोद्वार कराने जाने,ग्राम दीपलाखेड़ी में कृषि भूमि पर जाने हेतु रास्ता प्रदाय कराने,पगारिया हाट में सामुदायिक भवन निर्माण कराने, शौचालय निर्माण करवाने, बहु बेटे द्वारा मारपीट कर घर से अलग करने पर पुलिस द्वारा पुत्र व पुत्रवधु पर कार्यवाही कराने। कान्ताबाई / स्व. कन्हैयालाल, वार्ड 18 मारूपुरा चाचा की बगिया में शासकीय रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने, किला मंदिर के समीप निर्माणाधीन स्थल पर समाज की मूल भावना के विपरीत किए जा रहे निर्माण कार्य को दिगम्बर जैन समाज ने रोकने की मांग संबंधी, पाटीदार धर्मशाला जसमत में पेयजल हेतु टेंकर प्रदाय करने, जावर से बीसूखेड़ी तक बनाये जा रहे टू लेन रोड़ निर्माण कार्य की जाँच कराये जाने संबंधी, खाचरोद डी.सी. को बागेर डी.सी.से जोड़ने की मांग, स्वैच्छिक स्थानान्तरण कराने, प्राथमिक शाला चामसी का भवन निर्माण कार्य कराने, ग्राम पंचायत डाबरी में मुक्तिधाम में शोक सभा हेतु कक्ष निर्माण कराने।कान्याखेड़ी जलाशय की योजना का लाभ खामखेड़ा के कृषकों को प्रदाय कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों,मांगो एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है।

## खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष पहुंचे मां के दरबार



**नलखेड़ा**। सोमवार को मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पंकज जोशी विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे। सोमवार सायं श्री जोशी माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



## पांडवकालीन बल्डावदा हनुमान मंदिर में श्री रामार्चा महायज्ञ एवं भंडारे का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में स्थित पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर में गुरुवार को श्री रामार्चा महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। नगर से पूर्व दिशा की ओर लगभग 2 किमी दूर स्थित चमत्कारिक श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर 18 जून गुरुवार को रामार्चा महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। धार्मिक आयोजन के तहत प्रातः 6 बजे से रामार्चा पूजन प्रारम्भ होगा। प्रातः 10 बजे संतो का आगमन होगा, सायं 5 बजे से कन्यापूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा।



बल्डावदा हनुमान मंदिर भक्त मंडल द्वारा उक्त धार्मिक आयोजन की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही है।

## भिलाला समाज का आठवां प्रतिभा सम्मान समारोह किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा






भिलाला समाज का आठवां प्रतिभा सम्मान समारोह कैरियर मार्गदर्शन 2026 आगर मालवा के सेमिनार हाल में संपन्न हुआ। जिसमें मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के 125 प्रतिभावान बच्चे जिन्होंने कक्षा दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 70% या उससे अधिक अंक प्राप्त किये उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन व अभिभावक गण उपस्थित थे।

आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरुवात उज्जैन से 2019 में की गई थी। फिर लगातार 6 कार्यक्रम होने के पश्चात अलग अलग जिले में यहां आयोजन कराने का प्रस्ताव रखा गया। 2025 में शाजापुर एवम 2026 में आगर मालवा में आठवे प्रतिभा सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया।

आगर जिला मुख्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती एवम डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवम माल्यर्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेस्याम भिलाला द्वारा की गई। मुख्य अतिथि कमल मण्डलोई डिप्टी कलेक्टर,संयोजक आनन्द दलोदिया प्रशासनिक अधिकारी वायनाड केरल,विशेष अतिथि शेखर उइके जिला संयोजक एवम दिनेश अस्थावत माँ बंगलामुखी के मुख्य पुजारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विशेष वक्ता कैरियर मार्गदर्शन के रूप आलोक परेटिया उप थाना प्रभारी सुसनेर, सूरज भिलाला एयर ट्रैफिक कंट्रोल मुम्बई, अनिल चौहान मंडी उप निरीक्षक आगर, डॉ सोनम डावर प्रोफेसर आगर उपस्थिति रही। प्रतिभा सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम में संरक्षण गण में हरिसिंह बाउजी, मनोहरसिंह भिलाला, मांगीलाल भिलाला, रमेश चंद्र पुनासिया, दसरथ सिंह पटवारी, मोतीलाल कटारा आदि के साथ भिलाला समाज धर्मशाला समिति के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे आगर,उज्जैन, इंदौर,देवास शाजापुर सीहोर गुना राजगढ़ झलावाड जिले के 125 बच्चों को जो 2026 की बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वी एवम 12 में 70% या उससे अधिक अंक अर्जित करके आये उन बच्चों को सम्मानित किया गया साथ ही उनके माता पिता एवम समाज जन उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि विशेष अतिथि विषय वक्ताओं के हर उद्बोधन के बीच मे समाज की बालिका गिरजा भिलाला,लक्ष्मी भिलाला एवम काव्या भिलाला ने सांस्कृतिक गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। ठण्डे की व्यवस्था रामेश्वर मण्डलोई,चाय की व्यवस्था परिचय दर्पण देवास टीम,पोहे की व्यवस्था उज्जैन टीम, भोजन की व्यवस्था आगर टीम ने की।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद केवट पहुंचे मां के दरबार में



**नलखेड़ा**। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद महेश केवट विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे।

सोमवार को राज्यसभा के नवनिर्वाचित सांसद केवट माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। सिद्धपीठ पहुंचने पर श्री केवट का भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।